**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्याः 2451**
**उत्तर देने की तारीखः 08.07.2019**

**प्राथमिक शिक्षा**

**2451. श्री बी॰ वाई॰ राघवेन्द्रः**

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रत्येक राज्य में निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने संबंधी कितना प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है; और

(ख) किन राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों में निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जा रही है?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क): राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनके वर्ष 2018-19 के वार्षिक कार्य योजना प्रस्ताव में दी गई सूचना के अनुसार निःशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने हेतु 1 किलोमीटर की परिधि में 97.15% बस्तियों में प्राथमिक स्कूल हैं और 3 किलोमीटर की परिधि में 96.49% बस्तियों में उच्च प्राथमिक स्कूल हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है। शेष 3% बस्तियां काफी दूर और कम आबादी वाली हैं, जो आस-पड़ोस के मानकों के अनुसार स्कूल खोलने के योग्य नहीं हैं और जिन्हें निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार आवासीय स्कूलों, छात्रावासों तथा परिवहन और एस्कॉर्ट सुविधा के जरिए कवर किया जाता है।

(ख): जम्मू और कश्मीर राज्य के अलावा सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने हेतु आरटीई अधिनियम, 2009 कार्यान्वित कर रहे हैं।

*****

**<u>अनुबंध</u>**

**प्राथमिक शिक्षा के संबंध में श्री बी॰ वाई॰ राघवेन्द्र द्वारा दिनांक 08.07.2019 को लोक सभा पूछे जाने वाले प्रश्न सं. 2451 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**जीएआर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर (31 मई, 2019 के अनुसार)**

(प्रतिशत में)

| क्र.सं. | राज्य | प्राथमिक स्तर | उच्च प्राथमिक स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 86.36 | 39.14 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 96.49 | 94.82 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 86.70 | 79.46 |
| 4 | असम | 99.60 | 99.72 |
| 5 | बिहार | 96.68 | 97.52 |
| 6 | चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र | 100.00 | 100.00 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 97.91 | 97.07 |
| 8 | दादर और नगर हवेली | 100.00 | 100.00 |
| 9 | दमन और दीव | 100.00 | 100.00 |
| 10 | दिल्ली | 100.00 | 100.00 |
| 11 | गोवा | 100.00 | 100.00 |
| 12 | गुजरात | 100.00 | 100.00 |
| 13 | हरियाणा | 97.94 | 93.40 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 95.52 | 94.29 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 87.67 | 87.35 |
| 16 | झारखंड | 99.78 | 98.89 |
| 17 | कर्नाटक | 96.21 | 95.43 |
| 18 | केरल | 97.74 | 96.84 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | लक्षद्वीप | 100.00 | 100.00 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 99.45 | 99.69 |
| 21 | महाराष्ट्र | 95.51 | 84.84 |
| 22 | मणिपुर | 85.42 | 43.19 |
| 23 | मेघालय | 91.92 | 87.09 |
| 24 | मिजोरम | 97.99 | 95.59 |
| 25 | नागालैंड | 87.12 | 70.91 |
| 26 | ओडिशा | 96.71 | 97.78 |
| 27 | पांडिचेरी | 100.00 | 100.00 |
| 28 | पंजाब | 99.71 | 99.76 |
| 29 | राजस्थान | 96.36 | 97.36 |
| 30 | सिक्किम | 100.00 | 100.00 |
| 31 | तमिलनाडु | 97.52 | 98.71 |
| 32 | तेलंगाना | 98.24 | 87.68 |
| 33 | त्रिपुरा | 92.54 | 92.68 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 96.08 | 97.64 |
| 35 | उत्तराखंड | 97.70 | 98.48 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 99.52 | 99.41 |
| | कुल | **97.15** | **96.49** |

स्रोतः एडब्ल्यूपीएंडबी 2018-19